**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 3199**
**गुरूवार, 7 अगस्त, 2025/16 श्रावण,1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत परिवहन

**3199. श्री देवुसिंह चौहान:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कृषि उड़ान 2.0 योजना के अंतर्गत परिवहन की गई जल्द खराब होने वाली वस्तुओं के कुल टन भार का ब्यौरा क्या है;

(ख) गुजरात में उक्त योजना के अंतर्गत वर्तमान में कितने विमानपत्तन शामिल हैं; और

(ग) उक्त योजना के अंतर्गत परिवहन की जाने वाली विभिन्न वस्तुओं का विवरण क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (ग) कृषि उड़ान योजना देश के 58 हवाईअड्डों को कवर करती है, जिसमें मुख्य रूप से उत्तर पूर्वी, पर्वतीय और जनजातीय क्षेत्र के 25 हवाईअड्डों के अलावा अन्य क्षेत्रों/इलाकों के 33 हवाई अड्डों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इस योजना में बागवानी उत्पाद, मत्स्य पालन, पशुधन और प्रसंस्कृत उत्पादों सहित सभी खराब होने वाली वस्तुएं शामिल हैं।

गुजरात राज्य में वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान परिवहन की गई खराब होने वाली वस्तुओं का कुल टन भार (मीट्रिक टन में) निम्नानुसार है:

| वित्तीय वर्ष | घरेलू | अन्तर्राष्ट्रीय | कुल |
|---|---|---|---|
| 2024-25 | 0.9 | 2.3 | 3.2 |

वर्तमान में, गुजरात राज्य में जामनगर और राजकोट को कृषि उड़ान योजना के अंतर्गत शामिल किया गया है।

******